राजनाथ ने चीनी समकक्ष से कहा, एलएसी पर यथास्थिति बदलने की एकतरफा कोशिश न करें

सिंह ने यह भी रेखांकित किया कि दोनों पक्षों को राजनयिक और सैन्य माध्यमों से चर्चा जारी रखनी चाहिए ताकि एलएसी पर यथाशीघ्र सैनिकों की पुरानी स्थिति में पूर्ण वापसी और तनाव में कमी सुनिश्चित की जा सके। रक्षा मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष से कहा कि दोनों देशों को सीमावर्ती इलाकों में शांति कायम रखने और तनाव कम करने के लिए नेताओं के बीच बनी सहमति से मार्गर्शन लेना चाहिए जो दोनों पक्षों के आगे के विकास के लिए जरूरी है और मतभेदों को संघर्ष में तब्दील नहीं होने देना चाहिए।



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष जनरल वेई फेंगी को स्पष्ट संदेश दिया कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का कड़ाई से सम्मान करे और यथास्थिति को बदलने की एकतरफा कोशिश न करे। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत अपनी संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मई की शुरुआत में पूर्वी लद्दाख में एलएससी पर पैदा हुए तनाव के बाद दोनों देशों के बीच पहली उच्चस्तरीय आमने-सामने की बैठक में रक्षा मंत्री ने यह संदेश दिया। राजनाथ और वेई के बीच यह बैठक शुक्रवार शाम शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्री स्तर की बैठक से इतर मॉस्को में हुई और यह करीब दो घंटे 20 मिनट तक चली। अधिकारियों ने बताया कि राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष से स्पष्ट किया कि मौजूदा हालात को जिम्मेदारी से सुलझाने की जरूरत है और दोनों पक्षों की ओर से आगे कोई ऐसा कदम नहीं उठाया जाना चाहिए जिससे मामला जटिल हो और सीमा पर तनाव बढ़े। उनके मुताबिक सिंह ने वेई से कहा कि चीनी सैनिकों का कदम जैसे बड़ी संख्या में सैनिकों का जमावड़ा, आक्रामक व्यवहार और यथास्थिति को बदलने की एकतरफा कोशिश, द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन है। सिंह ने यह भी रेखांकित किया कि दोनों पक्षों को राजनयिक और सैन्य माध्यमों से चर्चा जारी रखनी चाहिए ताकि एलएसी पर यथाशीघ्र सैनिकों की पुरानी स्थिति में पूर्ण वापसी और तनाव में कमी सुनिश्चित की जा सके। रक्षा मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष से कहा कि दोनों देशों को सीमावर्ती इलाकों में शांति कायम रखने और तनाव कम करने के लिए नेताओं के बीच बनी सहमति से मार्गर्शन लेना चाहिए जो दोनों पक्षों के आगे के विकास के लिए जरूरी है और मतभेदों को संघर्ष में तब्दील नहीं होने देना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि बातचीत के दौरान सिंह ने विशेष तौर पर गत कुछ महीनों में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी सहित एलएसी पर हुई गतिविधियों के बारे में भारत का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि सिंह ने स्पष्ट किया कि भारतीय सैनिकों ने सीमा प्रबंधन के मामले में हमेशा बहुत ही जिम्मेदार रुख अपनाया है, लेकिन साथ ही भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा की प्रतिबद्धता को लेकर भी कोई आशंका नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख स्थित पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे स्थित भारतीय इलाके पर कब्जे के लिए पांच दिन पहले चीन द्वारा की गई असफल कोशिश के बाद एक बार फिर तनाव बढ़ गया है जबकि लंबे समय से सीमा पर चल रही तनातनी को सुलझाने के लिए दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य स्तर पर बातचीत कर रहे हैं। भारत ने पैंगोंग झील के दक्षिण में रणनीतिक रूप से अहम कई ऊंचाई वाले स्थानों पर कब्जा कर लिया है और चीन की किसी कार्रवाई का मुकाबला करने के लिए 'फिंगर दो और फिंगर तीन' पर भी अपनी स्थिति मजबूत की है। चीन ने भारत के इस कदम का विरोध किया है। हालांकि, भारत का कहना है कि रणनीति रूप से अहम चोटी एलएसी के इस पार यानी भारतीय हिस्से में है। चीन की घुसपैठ की कोशिश के मद्देनजर भारत ने अतिरिक्त जवानों को भेजा है और संवेदनशील इलाकों में हथियारों की तैनाती की है। चीन द्वारा पैंगोंग झील के दक्षिणी तट पर यथास्थिति बदलने की कोशिश के मद्देनजर भारत ने इलाके में अपनी सैन्य उपस्थिति और बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि 15 जून को दोनों देशों के बीच तनाव कई गुना तब बढ़ गया था जब भारत और चीनी सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हिंसक झड़प हुई और भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए। चीन की ओर से झड़प में हताहतों की जानकारी नहीं दी गई है लेकिन अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक गलवान झड़प में चीन के 35 सैनिक मारे गए।

आईसीएमआर ने परामर्श जारी किया, मांग पर कोविड-19 जांच की अनुमति दी

नई दिल्ली। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कोविड-19 जांच रणनीति के लिए परामर्श जारी की है जिसमें व्यक्ति की मांग पर संक्रमण की जांच करने की अनुमति दी गई है। हालांकि, राज्यों को अपने विवेकाधिकार के आधार पर इसमें संशोधन करने की अनुमति भी दी गई है। आईसीएमआर ने देशों या भारतीय राज्यों में प्रवेश के दौरान कोविड-19 निगेटिव रिपोर्ट होना अनिवार्य किये जाने के मद्देनजर सभी व्यक्तियों को मांग के आधार पर जांच कराने का सुझाव दिया है। आईसीएमआर ने शुक्रवार को ' भारत में कोविड-19 जांच रणनीति परामर्श ' (चौथा संस्करण) जारी किया। इसमें कहा गया है कि राज्य मांग के अनुरूप जांच और नियम कायदों में बदलाव कर सकते हैं। इसमें यह भी सलाह दी गई है कि निषिद्ध क्षेत्र में रह रहे 100 प्रतिशत लोगों की रैपिड एंटीजन जांच की जानी चाहिए, खासतौर पर उन शहरों में जहां बड़े पैमाने पर संक्रमण फैला है। आईसीएमआर ने जोर दिया कि जांच नहीं होने के आधार पर आपात सेवा में देरी नहीं जानी चाहिए और गर्भवती महिला को जांच की सुविधा नहीं होने के आधार पर रेफर नहीं किया जाना चाहिए। परामर्श में कोविड-19 जांच की मौजूदा सिफारिशों का विस्तार किया गया है और चार भागों - निषिद्ध क्षेत्र में नियमित निगरानी, प्रवेश बिंदुपर जांच, गैर निषिद्ध क्षेत्र में नियमित निगरानी, अस्पतालों की स्थापना और मांग पर जांच- में बांटा गया है और प्राथमिकता के आधार पर जांच के प्रकार (आरटी-पीसीआर, ट्रूनेट या सीबनैट और रैपिड एंटीजन जांच) को सूचीबद्ध करने को कहा गया है। आईसीएमआर ने कहा कि आरटी-पीसीआर/ट्रूनेट/सीबीनैट की एक ही जांच संक्रमण की पुष्टि के लिए होनी चाहिए, कोविड-19 मरीज देखभाल केंद्र और अस्पताल से छुट्टी दिए जाने बाद दोबारा जांच की जरूरत नहीं है। आईसीएमआर के मुताबिक रैपिड एंटीजन जांच की रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद लक्षण सामने आते हैं तो दोबारा रैपिड एंटीजन जांच या आरटी-पीसीआर जांच की जानी चाहिए।

'न्यूनतम शासन, अधिकतम निजीकरण' केंद्र सरकार की सोच है : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि 'न्यूनतम शासन, अधिकतम निजीकरण' इस सरकार की सोच है। उन्होंने एक खबर साझा करते हुए ट्वीट किया, '' मोदी सरकार की सोच - न्यूनतम शासन, अधिकतम निजीकरण।'' कांग्रेस नेता ने दावा किया, ''कोविड तो बस बहाना है, सरकारी दफ़्तरों को स्थायी 'स्टाफ़-मुक्त' बनाना है, युवा का भविष्य चुराना है, 'मित्रों' को आगे बढ़ाना है।'' राहुल गांधी ने जो खबर साझा की है उसके मुताबिक, कोरोना संकट को देखते हुए सरकार ने नई सरकारी नौकरियों के सृजन पर रोक लगा दी है।

बस और ट्रक की टक्कर में सात मजदूरों की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के समीप मंदिर हसौद में शनिवार तड़के बस और ट्रक की टक्कर से बस में सवार कम से कम सात मजदूरों की मौत हो गयी तथा कई अन्य घायल हो गये।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक ओडिशा से 70 मजदूर रोजगार के लिए बस से गुजरात के सूरत जा रहे थे। तड़के करीब 03.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंदिर हसौद में छेरी खेड़ी के पास विपरीत दिशा से गलत दिशा में तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक से बस की टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सात मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गयी।

हादसे में कई मजदूर घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल कालेज अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आवश्यक तहकीकात कर रही है।

तेरह दिन में 30 से 40 लाख पहुंची कोरोना संक्रमितों की संख्या

नई दिल्ली। देश में कोरोना का प्रकोप चरम पर है और इसके रफ्तार की अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि महज 13 दिनों में इसके संक्रमण के मामले 10 लाख बढ़कर 30 से 40 लाख पहुंच गये। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की शनिवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार देश में इस जानलेवा विषाणु से अब तक 40,23,179 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 69,561 लोगों की मौत हुई है। देश में इस समय कोरोना के 8,46,395 सक्रिय मामले हैं जबकि वहीं 31,07,223 लोग इस महामारी को मात दे चुके हैं। इससे पहले कोरोना ने 23 अगस्त को 30 लाख का आंकड़ा पार किया था। इस दिन देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 30,44,940 थी और इसके बाद 13 दिनों में ही लगभग 10 लाख लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। इससे पहले संक्रमण के मामले 10 लाख के आंकड़े को पहुंचने में 16 दिन लगे थे। कोरोना संक्रमितों की संख्या सात अगस्त को 20 लाख के पार पहुंची थी।

एक दिन में कोरोना के रिकॉर्ड 86 हजार से अधिक मामले, 70 हजार स्वस्थ

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या में दिनों-दिन हो रही वृद्धि के बीच पिछले 24 घंटों के दौरान पहली बार संक्रमण के 86 हजार से अधिक नये मामले सामने आये हालांकि राहत की बात यह है कि इस दौरान 70 हजार से अधिक लोगों के स्वस्थ होने के कारण सक्रिय मामले 21.04 प्रतिशत पर आ गये। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के रिकॉर्ड 86,432 नये मामलों के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 40,23,179 हो गया। देश में पिछले तीन दिन से लगातार संक्रमितों की संख्या 83 हजार से ऊपर रही है। बुधवार को संक्रमण के 83,883 और गुरुवार को 83,341 मामले सामने आये।

वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान 70,072 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिससे कोरोना से मुक्ति पाने वालों की संख्या 31,07,223 हो गयी है। स्वस्थ होने वालों की तुलना में संक्रमण के नये मामले अधिक होने से सक्रिय मामले 15,271 बढ़कर 8,46,395 हो गये हैं। देश के केवल 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस दौरान मरीजों की संख्या कम हुई है।इस अवधि में 1,089 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 69,561 हो गयी। देश में सक्रिय मामले 21.04 प्रतिशत और रोगमुक्त होने वालों की दर 77.23 प्रतिशत है जबकि मृत्यु दर 1.73 प्रतिशत है।

कोविड-19 से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों की संख्या 5,551 बढ़कर 2,11,325 हो गयी तथा 378 लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 25,964 हो गया। इस दौरान 13,289 लोग संक्रमणमुक्त हुए जिससे स्वस्थ हुए लोगों की संख्या बढ़कर 6,25,773 हो गयी। देश में सर्वाधिक सक्रिय मामले इसी राज्य में हैं।

आंध्र प्रदेश में इस दौरान मरीजों की संख्या 1,454 कम होने से सक्रिय मामले 1,02,067 रह गये।

राज्य में अब तक 4,276 लोगों की मौत हुई है। वहीं कुल 3,70,163 लोग संक्रमणमुक्त हुए हैं।

दक्षिणी राज्य कर्नाटक में पिछले 24 घंटों के दौरान मरीजों की संख्या में 3,003 की वृद्धि हुई है और यहां अब 99,120 सक्रिय मामले हैं। राज्य में मरने वालों का आंकड़ा 6,170 पर पहुंच गया है तथा अब तक 2,74,196 लोग स्वस्थ हुए हैं।

कोरोना वायरस की स्थिति नियंत्रण में : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना का एक बार फिर प्रकोप बढ़ने के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि वायरस की स्थिति नियंत्रण में है और जांच अधिक किये जाने से संक्रमण के मामलों में इजाफा हुआ है।

श्री केजरीवाल ने वीडियो काफ्रेंसिंग के जरिए आज मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली में ज्यादा कोरोना मामले आने की वजह अधिक संख्या में जांच है।

उन्होंने कहा,÷ अगर हम जांच कम कर देते तो मामले कम हो जाते, लेकिन हमें आकड़ों की चिंता नहीं है। हमने जांच बढ़ा कर कोरोना पर हमला कर दिया है।÷

दिल्ली में कल 68 दिन बाद सर्वाधिक 2914 मामले आए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा उनकी सरकार का प्रयास रहा है कि कोरोना के कारण मृत्यु नहीं होनी चाहिए। कल मृतकों की संख्या गिरकर 13 रह गयी जो कुल मामलों का 0.4 प्रतिशत है। ये देश में सबसे कम है।

उन्होंने कहा पूरे देश से लोग अपना इलाज कराने दिल्ली आ रहे है। यह दिल्ली के लिए बड़े गर्व की बात है कि हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था इतनी अच्छी हो गयी है कि देशभर के लोग हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था में विश्वास जता रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कोरोना नमूनों की जांच बढ़ाने के लिए बाजारों में और मोहल्ला क्लिनिक में भी जांच शुरू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि 1600 से ज्यादा मरीज़ अस्पतालों में बाहर के हैं और 3300 मरीज दिल्ली के हैं। श्री केजरीवाल ने कहा ,÷ लेकिन मुझे आंकड़ों को नहीं आपकी सेहत को ठीक करना है। मरीजों की संख्या से घबराने के जरूरत नहीं है। जिस दिन मौत का आंकड़ा बढ़ने लगेगा, उस दिन चिंता की बात होगी।उन्होंने कहा कि लोग संक्रमित तो हो रहे हैं, लेकिन ठीक होने वाली दर में सुधार हुआ है।

सरकारी नौकरियों के सृजन पर रोक संबंधी आदेश वापस ले सरकारः कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने गैर जरूरी खर्चों में कटौती से जुड़े सरकार के प्रस्ताव को लेकर शनिवार को कहा कि नई नौकरियों के सृजन पर रोक 'जन विरोधी कदम' है और इस आदेश को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाददाताओं से कहा, ''इस समय देश की आर्थिक स्थिति बहुत ही बुरी हालत में है। 45 साल में पहली बार जीडीपी में इतनी गिरावट हो रही है। इस घनघोर आर्थिक संकट से उबरने के लिए सरकार को एक कदम आगे बढ़कर आना चाहिए, जैसे दुनिया के बाकी देश कर रहे हैं।'' उन्होंने सवाल किया, ''निजी क्षेत्र में तो छंटनी चल रही है, लेकिन सरकार ने अब अपनी नौकरियों पर भी रोक लगा दी है। इस तरह से इस देश के युवा कहां जाएंगे? कहां नौकरियां मिलेंगी उन्हें? क्या करेंगे वो?'' शुक्ला के मुताबिक, सरकार ने सीएमआईई का डाटा जारी किया और उसमें उसने खुद स्वीकार किया कि किस तरह से 15 से 29 साल के आयु वर्ग में 17.8 प्रतिशत नौकरियां चली गयीं और इसके अलावा 20 अगस्त तक 1.89 करोड़ लोगों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी। उन्होंने दावा किया, ''2014 के चुनाव में हर साल 2 करोड़ नौकरी का वादा किया गया था, जबकि हर साल अब 2 करोड़ नौकरियां खत्म हो रही हैं। शुक्ला ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी ये मांग करती है कि सरकारी नौकरियों को ठप करने का जो सरकार का आदेश है, उसे तत्काल वापस लिया जाए और ज्यादा से ज्यादा नौकरियों सृजित करने पर जोर दिया जाए।'' उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को फिलहाल हजारों-लाखों करोड़ रुपये वाली अपनी बड़ी परियोजनाओं पर रोक लगाकर युवाओं को रोजगार देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

भारत एकमात्र देश है, जो लॉकडाउन रणनीति का लाभ नहीं उठाता दिख रहा : चिदंबरम

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदबंरम ने देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भारत एकमात्र देश है जो लॉकडाउन रणनीति का लाभ उठाता नहीं दिख रहा है। उन्होंने सितंबर के अंत तक भारत में कोविड-19 मरीजों की संख्या 65 लाख होने का अनुमान जताया। चिदंबरम ने सरकार पर यह हमला देश में कोविड-19 मरीजों की संख्या 40 लाख के पार पहुंचने पर किया। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक शनिवार तक कोरोना वायरस के संक्रमण से मुक्त होने वालों की संख्या बढ़कर 31,07,227 हो गई है। चिदंबरम ने कहा, '' मैंने 30 सितंबर तक संक्रमितों की संख्या 55 लाख होने का अनुमान जताया था। मैं गलत था। भारत 20 सितंबर तक ही उस आंकड़े पर पहुंच जाएगा और सितंबर के अंत संक्रमितों की संख्या 65 लाख तक पहुंच सकती है।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत एकमात्र देश है जो लॉकडाउन रणनीति का लाभ उठाता नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी ने 21 दिनों में कोरोना वायरस को हराने का वादा किया था और उन्हें बताना चाहिए कि क्यों भारत असफल हुआ जबकि अन्य देश सफल होते दिख रहे हैं।

SUPERIOR INDUSTRIAL ENTERPRISES LIMITED

Regd. Office:-25,Bazar Lane, Bengali Market,New-Delhi-110001
CIN: L15142DL1991PLC046469, Tel. No.: 011-43585000, Fax: 0141-43585015
E-mail: info@superiorindustrial.in, Website: www.superiorindustrial.in

UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS
FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE,2020 Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR), 2015 (Rs. In Lacs)

Sl. No.	Particulars	Standalone			Consolidated		
		3 Months ended 30.06.2020 Unaudited	3 Months ended 30.06.2019 Unaudited	Year ended 31.03.2020 Audited	3 Months ended 30.06.2020 Unaudited	3 Months ended 30.06.2019 Unaudited	Year ended 31.03.2020 Audited
1.	Total Income from Operations	133.28	206.47	671.49	470.60	962.10	2399.83
2.	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	(22.17)	(5.63)	(55.22)	14.06	37.36	(36.95)
3.	Net Profit/(Loss) for the period (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(22.17)	(5.63)	(55.22)	14.06	37.36	(36.95)
4.	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(22.17)	(5.63)	(55.22)	83.20	37.36	(36.95)
5.	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after tax)	(22.50)	(5.63)	81.56	82.87	37.36	99.83
6.	Equity Share Capital (face value of Rs.10/- per share)	138.5	138.5	138.5	138.5	138.5	138.5
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year		-	2611.02	-	-	4596.90
8.	Earnings Per Share (of Rs. 10/-each) for continuing and discontinuing operations)						
	Basic:	(0.16)	(0.04)	(0.04)	4.73	0.27	(3.31)
	Diluted:	(0.16)	(0.04)	(0.04)	4.73	0.27	(3.31)

NOTES: 1. The above is an extract of the detailed format of the standalone and consolidated unaudited financial results for the quarter ended on 30th June,2020 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI(Listing Obligation and Disclosure Requirements)Regulations,2015.The full format of standalone and consolidatedfinancial results is available on the Stock Exchanges'websites-(www.bseindia.com) and the Company's website (www.superiorindustrial.in)
2. The above unaudited financial results were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved at the meeting of the Board of Directors held on 04th September,2020
By order of the Board of Directors

By order of the Board of Directors
For and on behalf of Superior Industrial Enterprises Limited
Sd/- KamalAgarwal
Director
DIN:02644047

Place: Delhi
Date: 04th September, 2020

SUPERIOR INDUSTRIAL ENTERPRISES LIMITED

Regd. Office:-25, Bazar Lane, Bengali Market, New-Delhi-110001
CIN: L15142DL1991PLC046469, Tel. No.: 011-43585000, Fax: 0141-43585015
E-mail: cs@superiorindustrial.in, Website: www.superiorindustrial.in

NOTICE

In view of the continuing Covid-19 Pandemic, the Ministry of Corporate Affairs (MCA) has vide its circular dated May 5, 2020 read with circulars dated April 8, 2020& circular dated April, 13th 2020) permitted the holding of AGM through Video Conference or Other Audio-Visual Means (OAVM). In compliance with these Circulars and the relevant provisions of the Companies Act, 2013 and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the upcoming Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Tuesday, September 29, 2020 at 11.00 a.m. through VC/OAVM.

As per aforesaid circulars, the Notice of AGM along with the Annual Report for FY 2019-2020 has to be sent only by electronic mode to those Members whose E-mail Id are already registered with the Company/ Depositaries. The Company is also providing e-voting and remote e-voting facility to all its Members similar to earlier practices.

If your email ID is already registered with the Company/ Depositary, Notice of AGM along with annual report for FY 2019-2020 and login details for e-voting shall be sent to your registered email address. In case you have not registered your email ID with the Company/ Depositary, please follow below instructions to register your email ID for obtaining annual report for FY 2019-2020 and login details for e-voting.

Physical Holding	Send a request to Registrar and Transfer Agents of the Company, MAS Services Limited at info@masserv.com providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back), PAN(Self attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (Self attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address. Please send your bank detail with original cancelled cheque to our RTA (i.e. MAS Services Limited, T-34 2nd floor, Okhla industrial area phase-ii, New Delhi 10020 alongwith letter mentioning folio no. if not registered already.) PLEASE UPDATE THE SAME ON OR BEFORE 22/09/2020
Demat Holding	Please contact your Depositary Participant (DP) and register your email address as per the process advised by DP. Please also update your bank detail with your DP for dividend payment by NACH if declare by company. PLEASE UPDATE THE SAME ON OR BEFORE 22/09/2020

The Notice of AGM and Annual Report for FY 2019-2020 will also be available on Company's websitewww.superiorindustrial.in and website of BSE Limited at www.bseindia.com. Members attending the meeting through VC/ OAVM shall be counted for the purpose of Quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

For Superior Industrial Enterprises Limited
Sd/-
Megha Rastogi
Company Secretary

Place: Delhi
Date: 04.09.2020

KCL Limited

CIN: L74899DL1983PLC068008
Regd. Office: E-292, Sarita Vihar, New Delhi-110044,

NOTICE OF 37th ANNUAL GENERAL MEETING, REMOTE E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE

Notice is hereby given that:

1. The 37th Annual General Meeting (AGM) of members of the Company will be held on Wednesday, 30th day of September, 2020 at 4:00 P.M. at the Registered Office of the company situated at E-292, Sarita Vihar, New Delhi-110044 to transact the business as set forth in the Notice of AGM which has been dispatched to the Members on 30th August, 2020, along with the Annual Report for the year ended 31st March, 2020.
2. In terms of Section 108 of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 ("the Rules"), the Company is providing its members the facility to cast their vote electronically from a place other than the venue of the AGM ("remote e-voting"), provided by NSDL and the business may be transacted through such voting, on all the resolutions set forth in the Notice of AGM
3. Electronic copies of the Notice of AGM and Annual Report for 2020 have been sent to all the members whose email IDs are registered with the Company/Depository Participant(s). The same are also available on the website of the Company at www.kcl.co.in. Notice of AGM and Annual Report for 2020 has been sent to all other members at their registered address in the permitted mode.
4. Members holding shares either in physical form or dematerialized form, as on the cut-off date 23rd September, 2020, may cast their vote electronically on the business as set forth in the Notice of the AGM through electronic voting system of National Securities Depository Limited (NDSL) from a place other than venue of the AGM (remote e-voting). All the members are informed that:
   I. The business as set forth in the Notice of the AGM may be transacted through voting by electronics means;
   II. The remote e-voting shall commence on 27th September, 2020 at 9:00 A.M;
   III. The remote e-voting shall end on 29th September, 2020 at 5.00 P.M;
   IV. The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at the AGM is 23rd September, 2020;
   V. E-voting by electronic mode shall not be allowed beyond 5.00 P.M on 29th September, 2020;
   VI. Any person, who acquires shares of the Company and becomes member of the Company after dispatch of the Notice of the AGM and holding shares as of the cut-off date i.e. Wednesday, 23rd September, 2020 may obtain the Login ID and Password by sending a request at helpdesk.evoting@nsdlindia.com. However, if a person is already registered with NSDL for e-voting then existing user ID and password can ben used for casting vote;
   VII. Members may note that:
      a) the remote e-voting module shall be disabled by NSDL beyond 5.00 P.M on 29th September, 2020 and once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently;
      b) the facility for voting through ballot paper shall be made available at the AGM;
      c) the members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their votes again; and
      d) a person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail facility of remote e-voting as well as voting at the AGM through ballot paper.
   VIII. The Notice of AGM is available on the Company's website www.kcl.co.in and also on the Website of the Stock Exchange where the shares of the company are listed.
   IX. For any queries/ grievances related to e-voting shareholders may contact to: Beetal Financial & Computers Services Pvt. Ltd, Beetal House, 3rd Floor, 99, Madangir, Behind LSC, New Delhi-110062, Ph: 011-29961281, E-mail: beetalrta@gmail.com
5. The Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Wednesday 23rd September 2020 to Wednesday 30th September, 2020 for the purpose of AGM.

For M/s KCL Limited
Sd/-
(Amit Aggarwal)
Company Secretary

Place: Delhi
Date: 06/09/2020

Morning Glory Leasing & Finance Limited

CIN: L67120DL1984PLC018872
Tel. No.: +91 11 47119100
Regd. Off: Iris House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046
Email: morninggloryleasing@gmail.com Website: www.morninggloryleasing.in

NOTICE

NOTICE is hereby given that the 36th Annual General Meeting ("AGM") of the members of Morning Glory Leasing and Finance Limited will be held on Wednesday, the 30th day of September, 2020 at 11:00A.M. at its registered office at IRIS House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi – 110046.

Notice is further given that pursuant to the provisions of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and Companies Act, 2013 read with Rules made thereunder, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Thursday, 24th September, 2020 to Wednesday, 30th September, 2020 (both days inclusive) for the purpose of ascertaining the shareholders attending the AGM.

Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on 23rd September, 2020 (i.e. Cut-off date) may cast their vote electronically on the Businesses as set out in the Notice of the 36th AGM through Remote E-voting services provided by National Securities Depository Ltd ('NSDL'). All the members are informed that:

a) notice of 36th AGM along with Annual Report for the FY 2019-20has been sent to all the members in Physical form on their registered address through permissible mode.
b) the remote e-voting shall commence on 27th September, 2020 (9.00 a.m. IST) and end on 29th September, 2020 (5.00 p.m. IST). The remote e-voting shall not be allowed beyond 29th September, 2020 (5.00 p.m. IST).
c) any person, who acquires shares of the Company and become member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as on the cut-off date i.e. 23rd September, 2020, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or bssdelhi@bigshareonline.com.
d) the facility for voting through Ballot Paper/Polling Paper shall be made available at the AGM and the members attending the meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting through Ballot paper/Polling Paper.
e) a member may participate in the AGM even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again at the AGM.
f) a person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM through Ballot paper/Polling Paper.
g) the Notice of 36th AGM is available on the Company's website www.morninggloryleasing.in and also on the NSDL's website www.evoting.nsdl.com.
h) In case of any queries members may contact the undersigned at +91 11 47119100 and may also write to the undersigned at morninggloryleasing@gmail.com or at the Registered office address at IRIS House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046.

For Morning Glory Leasing & Finance Limited
Sd/-
Payal Madaan
Company Secretary cum Compliance Officer

Date : 05.09.2020
Place : New Delhi

ACE EDUTREND LIMITED

CIN: L29299DL1993PLC201811
Regd. Office: A-7/6, Jhilmil Industrial Area, Shahdara, New Delhi-110095
E-mail: csaceindia@gmail.com Website: www.aceedutrend.in
Phone: 011-49879687

Notice

In view of the continuing covid-19 pandemic, the Ministry of Corporate Affairs (MCA) has vide its circular dated May 5, 2020 read with circular dated 08.04.2020 and 13.04.2020 respectively permitted the holding of AGM through Video conference or other audio-video means (OAVM).

In compliance with these circulars and the relevant provisions of the Companies Act, 2013 and SEBI (Listing obligation and Disclosure Requirements), 2015, the upcoming AGM of the Company will be held on 30.9.2020 at 10:00 AM through VC/OAVM.

As per aforesaid circulars, the notice of the AGM along with Annual Report for FY 2019-20 has to be sent only by electronic means to those members whose Email-ID are already registered with the Company/Depositories. The company is also providing e-voting and remote e-voting facility to all its Members similar to earlier practices.

If your email ID already registered with the Company/Depository. Notice of AGM along with annual Report for FY-2019-20 and login details for e-voting shall be sent to your registered email address. In case you have not registered with the Company/Depository, please follow below instructions to register your email ID for obtaining annual report for FY 2019-20 and login details for e-voting:

Physical Holding	Send a request to Registrar and Share Transfer Agents of the Company, Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd at beetalrta@gmail.com providing folio number, name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back). PAN (self attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self attested scanned copy of Aadhar card) for registering email address.
Demat Holding	Please contact your Depositary Participant (DP) and register your email address as per the process advised DP. Please update your bank details with your DP for dividend payment by NACH, if declare by Company.

The notice of AGM and Annual Report for FY 2019-20 will also be available on Company's website- www.aceedutrend.inand website of BSE at www.bseindia.com Members attending the meeting through VC/OAVM shall be counted for the purpose of Quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

For and on Behalf of
Ace Edutrend Limited
Sd/-
Monendra Srivastava
Managing Director
DIN: 07489845

Date: 04.09.2020
Place: Delhi